श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 19 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## दो हादसों में चार लोग गंभीर घायल

**मनासा, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भरती कराया गया है।

पहली घटना मनासा-कंजार्डा मार्ग पर भाटखेड़ी के पास की है। जहां एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को मनासा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि घायल व्यक्ति बेसुध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा था। उसके पास जो मोबाइल मिला वह भी फूटा हुआ था। फिलहाल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

वही एक अन्य सड़क हादसे में तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। नीमच-मनासा रोड़ स्थित अल्हेड चौराहा पर भी रात्रि में दो बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से मनासा अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक गम्भीर घायल को .... शेष पेज 4 पर

# सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी का खेल..!

## नेताजी के कट्टर समर्थकों की संख्या बढ़ी, चुनाव के समय याद आया फेसबुक पर आईडी बनाना

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहीं कारण है कि सोशल मीडिया पर लंबे समय से दोनों ही प्रमुख दल खासा फोकस कर रहे हैं। इसके अलावा नेताजी भी अपने कर्मचारियों और समर्थकों के साथ सोशल मीडिया को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। अब खेल शुरु हुआ है तो आगे निकलने की होड़ तो होगी ही। अभी तक लाईक खरीदने की चर्चाएं चल रही थी। लेकिन, अब फर्जी आईडी बनाने का खेल भी शुरु हो गया है। नेताजी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए धड़ल्ले से फर्जी आईडी बनाई जा रही है।**

### हाल में ही तैयार की गई आईडी...

फेसबुक पर नेताओं और उनके समर्थकों की आईडी चेक की जाए तो कई आईडी हाल ही में बनी है। मतलब साफ है कि चुनाव के पहले नेताजी के पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए यह काम किया जा रहा है। इस तरह की आईडी में म्युचल फ्रेंड की संख्या देखे तो एक या दो ही मिलेगी। इसका कारण है कि आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट विशेषकर उसी विस क्षेत्र के लोगों को भेजी जा रही है। जिससे नेताजी चुनाव में खड़े हुए है।

### नेताजी की शुद्ध भक्ति...


इस तरह की आईडी के द्वारा नेताजी की शुद्ध तरीके से की जा रही भक्ति नजर आ रही है। इससे साफ होता है कि कहीं न कहीं सोशल मीडिया के खेल में मैदान मारने के लिए उठापटक की गई है। कई फेसबुक आईडी पर प्रोफाइल पर नेताजी की तस्वीर लगाई गई है। आईडी के माध्यम से नेताजी के पोस्ट डाले जा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लाईक और कमेंटस भी कुछ एक ही तरह के लोगों के द्वारा हो रहे हैं।

### बनाया जा रहा माहौल...

अभी तक संसदीय क्षेत्र में सभी जगहों पर 50-50 की स्थिति है। अब नामांकन दाखिल होने के बाद चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा। इसके पहले नेताजी के पक्ष में एक माहौल तैयार करने की कोशिश सोशल मीडिया के माध्यम से की जा रही है।

### विरोधी के लिए लगातार कमेंटस...

अभी तक देखने में आता था कि नेताजी के समर्थक उनके समर्थन में पोस्ट, कमेंटस और लाईक करते थे। लेकिन, अब इस चुनाव में कुछ नया देखने को मिल रहा है। विरोधी का मनोबल तोड़ने और अपने नेताजी के पक्ष में माहौल तैयार करने का काम किया जा रहा है। विरोधी या उसके समर्थक की पोस्ट पर ही लगातार अपने नेताजी के पक्ष में कमेंटस हो रहे हैं।




# बच्चों को समय पर नहीं मिल रही स्कूल ड्रेस

## लंबे समय से बिगड़ा हुआ है ढर्रा

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को स्कूल ड्रेस समय पर नहीं मिल रही है। यह ढर्रा पिछले चार वर्षो से बिगड़ा हुआ है। ऐसे में कई विद्यार्थी पुरानी यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल पहुंच रहे हैं तो कई बच्चे खुद यूनिफॉर्म खरीदने को मजबूर हैं। इस बार भी कई बचों को स्कूल ड्रेस के लिए लंबा इंतजार पड़ा। इसके पीछे मुख्य कारण इंदौरी ठेकेदार को कपड़ा सप्लाय करने का ठेका देना है। महिला स्व सहायता समूहो पर दबाव बनाकर पहले कपड़ा सप्लाय और फिर सिलाई सहित स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए दबाव बनाया जाता है। पिछले कई सालो से इंदौर के एक ही ठेकेदार को यह आर्डर दिया जा रहा है। इस बार कुछ जागरुक लोगो ने इस मामले में लोकायुक्त को शिकायत करने की तैयारी भी की है।



बता दें कि बचों को स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) की है। सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सरकार द्वारा स्कूल ड्रेस दी जाती है। जिले के 1576 प्रावि व मावि में करीब 88 हजार बचे पढ़ते हैं। हर बचे को दो जोड़ी यूनिफॉर्म या राशि दी जाती है। जिस पर प्रति छात्र 600 रुपए खर्च किए जाते हैं।

राज्य शिक्षा केंद्र ने 2020 में यूनिफॉर्म सिलाई का काम जिला पंचायत के माध्यम से स्वंय सेवी संस्थाओ को दिया था। नतीजा यह रहा कि सत्र बीतने के बाद मार्च 2021 में स्कूलों में यूनिफॉर्म पहुंच सकी थी। कोरोना के कारण स्कूल बंद होने के कारण शिक्षकों को घर-घर जाकर यूनिफॉर्म पहुंचाना पड़ी। बचों का सही नाप न होने के कारण साइज भी कहीं छोटा पड़ गया तो किसी के बड़ा हो गया था, वहीं सिलाई थी ठीक नहीं थी। इसके बाद 2021 में कोरोना के कारण स्कूल बंद थे। 2022 की यूनिफॉर्म 2023 तक प्रदेश में कई स्कूलों तक यूनिफार्म नहीं पहुंची। वहीं जिले में भी बचों को काफी समय इंतजार करना पड़ा।

इस वर्ष भी केवल एक ही ठेकेदार को बगैर जांच के ठेका देने के लिए खेल खेला गया। इंदौर के एक सरदार के परिवार के नाम से ठेका देने के लिए जुगाड़ लगाए गए। लेकिन, समय पर स्कूल ड्रेस उपलब्ध नहीं करा सके। हां इस मामले में बंदरबाट के आरोप लगते रहे है। लेकिन, जांच के नाम पर केवल लिपापोती कर दी जाती है।

### नाम स्व सहायता समूहों का, काम इंदौरी ठेकेदार का...

दरअसल सरकार के नियमानुसार महिला स्व सहायता समूहो को अपने क्षेत्र के स्कूलो में छात्र संख्या के हिसाब से कपड़ा खरीदने से लेकर सिलाई तक ठेका दिया जाना होता है। ऐसे में जिला पंचायत व जनपद पंचायत द्वारा मिली भगत कर स्व सहायत समूह संचालको पर दबाव बनाया जाता है और फिर इंदौर के ठेकेदार को कपड़ा सप्लाय और सिलाई का ठेका देने की स्थिति बना दी जाती है।

### कपड़ो के थान और फोटो...

इंदौरी ठेकेदार द्वारा कपड़ो के थान का एक लाट मंदसौर पहुंचाया जाता है। सभी स्कूलो या स्व सहायता समूहो के ठिकाने पर कपड़ो का लाट रखकर फोटो खिंचा जाता है और फिर वही लाट उठाकर दूसरे स्थान पर रख फोटो सेशन करा लिया जाता है। मजे की बात तो यह है कि स्व सहायता समूहो से सिलाई की राशि भी पहले ही ले ली जाती है। बाद में स्व सहायता समूह की महिलाएं ठेकेदार पर आश्रित हो जाती है। ठेकेदार अपनी मर्जी के हिसाब से सप्लाय करता है। जिससे समय पर स्कूली बच्चो को युनिफार्म नहीं मिल पाती है।

### इनका कहना...

यूनिफॉर्म का काम लेट हुआ है। इसके कई सारे कारण हैं। हमारे रिकॉर्ड के अनुसार 2022-23 की यूनिफॉर्म अधिकांश स्कूलों में पहुंच चुकी हैं। कुछ स्कूल ही शेष हैं। 2023-24 की यूनिफार्म जल्द से जल्द स्कूलों में पहुंचे यह कोशिश की जा रही है। यूनिफार्म तैयार करने का काम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का है।

**धनराजू एस, डायरेक्टर, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल**

# बीमार परिजन को लेकर भटक रहे लोग

## आचार संहिता की आड़ में अटका गरीबों का उपचार, सीएम फंड से भी मदद नहीं

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता की आड़ में गरीबों का उपचार भी अटकाया जा रहा है। जबकि, चुनाव आयोग द्वारा इस तरह के कोई निर्देश नहीं दिए गए है कि आचार संहिता के चलते गरीबो को मदद नहीं की जाए।

आचार संहिता लगने के बाद राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों पर जनता को कोई लाभ या प्रलोभन देने पर पाबंदी लग चुकी है। इसके साथ ही सीएम कार्यालय से मिलने वाली मदद भी रुक गई है। इसका खमियाजा गरीब परिवारों को उठाना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि इन परिवारों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इलाज में मदद के लिए सीएम कार्यालय में आवेदन किया जाता है। परंतु अब जनप्रतिनिधि सीएम कार्यालय में अनुशंसा भी नहीं कर पा रहे हैं।

इतना ही नहीं मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान का फंड न होने से पूर्व में दिए गए आवेदनों का भी भुगतान नहीं हो पाया है। इसी वजह से अस्पताल मरीज को बकाया राशि देने का भी प्रेशर बना रहे हैं। बीमारी में आर्थिक मदद देने के लिए वल्लभ भवन, मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के लिए कुछ आवेदन सीधे तो कुछ प्रतिनिधि की अनुशंसा से भेजे जाते हैं। जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से इलाज के लिए दस हजार से 2 लाख रुपए तक का फंड मिल जाता था। अब ऐसे मरीज पूर्व स्वीकृत आवेदन के बाद भी अस्पताल जा रहे हैं, तो उन्हें आचार संहिता में राशि जारी नहीं होने का हवाला देकर रवाना कर दिया जा रहा है। मंत्रालय में बैठे अधिकारी भी आचार संहिता का हवाला देकर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### इनका कहना...

उपचार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर्र आचार संहिता का कोई नियम लागू नहीं होता है। उनका पोर्टल लॉक करने के लिए आयोग की तरफ से कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं।

**अनुपम राजन**
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मप्र**

# कार से मिली 10 पेटी शराब, एक गिरफ्तार

**नारायणगढ़, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने मुखबीर सूचना पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक कार से 10 पेटी अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि, शराब की सप्लाय देने वाले को पुलिस तलाश रही है। मामले में दोनो नामजद आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

नारायणगढ़ थाना पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कार से शराब की तस्करी होने वाली है, तुरंत कारवाई की जाए तो आरोपी गिरफ्त में आ सकता है। सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के राम नगर चौराहे के पास लोढाखेड़ा रोड पर मारुति वेन को रोककर तलाशी ली तो गाड़ी में 10 पेटी देशी शराब मिली। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम कारुलाल पिता रोडमल चंदेल निवासी ईरली का होना बताया। आरोपी ने बताया कि वह अवैध शराब को राहुल पिता लक्ष्मण दायमा निवासी लोढाखेड़ा से लेकर आया था। मामले में पुलिस ने अवैध शराब देने वाले राहुल को भी सह आरोपी बनाया है। फिलहाल राहुल फरार है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया हैं।

# भव्य मंदिर में 22 जनवरी को बिराजेंगे राम लला, पीएम मोदी होंगे कार्यक्रम में शामिल

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में आयोजित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12.30 पर होगा। पीएम मोदी से बुधवार को राम जन्म भूमि निर्माण समिति के सदस्य मिले। यह मुलाकात शाम 5.15 बजे हुई। मुलाकात करने वालों में राम जन्मभूमि न्यास के चंपत राय, नृपेन्द्र मिश्रा, गोविद गिरी समेत 4 लोग शामिल रहे। इन्होंने पीएम मोदी से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया था, जिसे पीएम मोदी ने स्वीकार किया है।



एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पीएम मोदी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह इस ऐतिहासिक अवसर के गवाह बनेंगे। पीएम ने ट्रस्ट के सदस्यों से मुलाकात की फोटो भी शेयर की। गौरतलब है कि प्राण प्रतिष्ठा के एक भव्य समारोह के दौरान भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। ट्रस्ट के सूत्रों ने कहा कि स्थापना समारोह के दौरान लगभग 10,000 लोगों को मंदिर परिसर के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। जबकि, देश भर के सभी प्रमुख मंदिरों में समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# एक बदमाश जिला बदर

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा म.प्र.राज्य लोक शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत एक आदतन बदमाश शाहिद पिता मजीद कागला निवासी मुल्तानपुरा थाना वायडी नगर जिला मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

# भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

## मंदसौर में यशपाल, विपीन, मल्हारगढ़ में परशुराम तो गरोठ में सोजतिया ने किया शक्ति प्रदर्शन



**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को जिले की चारो विधानसभा में मिलाकर 8 प्रत्याशियो ने नामांकन फार्म जमा कराए। इसके पूर्व दोनो प्रमुख दलो के घोषित प्रत्याशियो ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। मल्हारगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया ने भी अपनी ताकत दिखाई। वे बैलगाड़ी में सवार होकर नामांकन जमा कराने पहुंचे। उनके साथ भी भारी लवाजमा मौजूद था।

जबकि, मल्हारगढ विस से भाजपा प्रत्याशी जगदीश देवड़ा, गरोठ विस से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष सोजतिया, मंदसौर विस से यशपालसिंह सिसौदिया और कांग्रेस के विपीन जैन ने नामांकन दाखिल किए। इस दौरान रैली निकालकर समर्थकों के साथ कार्यालय पर पहुंचे। अधिक से अधिक भीड़ जुटाने का प्रयास प्रत्याशियों ने किया। रैली में मौजूद समर्थक भी उत्साह में नजर आ रहे थे। इसके अलावा सभी प्रत्याशियों ने अपने दल की सरकार बनने के साथ खुद की जीत के दावे भी किए।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अंतर्गत मंदसौर जिले में 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। जिले में गुरूवार को 8 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। इसमें मंदसौर विधानसभा-224 में श्री यशपालसिंह सिसोदिया पिता किशोर सिंह सिसोदिया, श्री विपिन कुमार जैन पिता सुभाषचंद्र जैन, मल्हारगढ़ विधानसभा - 225 में श्री परशुराम सिसोदिया पिता मोहनलाल सिसोदिया, श्री जगदीश पिता गेंदालाल, श्री नरेंद्र कुमार पिता प्रभुलाल, सुवासरा विधानसभा- 226 में श्री हरदीप सिंह डंग पिता शरण सिंह डंग, श्री बलवंत पिता शांतिलाल एवं गरोठ विधानसभा-227 में श्री सुभाष कुमार सोजतिया पिता रावतमल सोजतिया के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया हैं। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर नियत की गई है। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तारीख 02 नवंबर नियत की गई है। 17 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 03 दिसंबर को होगी।

# शिवराज ने अपनों के लिए सेफ गेम खेला, बाकी जाए...?

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश भाजपा के संगठन में गिरावट तब से ही नजर आने लगी थी, जब से विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाली और अपने पदाधिकारियो की टीम बनाई थी। विद्यार्थी परिषद की तरह प्रदेश भाजपा को चलाया तो गंभीरता और रचनात्मकता लगभग समाप्त सी हो गई है। इन्हीं के दौर में आ गया विधानसभा चुनाव और प्रत्याशियों का चयन होने लगा था कि सारे अधिकारों पर सिर्फ सिर्फ नेतृत्व ने कुंडली मार कब्जा कर लिया था। कुछ समय के अंतराल में दो सूचियां भी जारी कर दी थी। बस यहीं से शिवराज सिंह ने बीडी को साथ लेकर नरेंद्र तोमर से पुरानी दोस्ती निभाते हुए बहुत विनम्रता से अपना खेल शुरू किया।



मीडिया और कुछ संघ पदाधिकारियो ने भी साथ दिया। नतीजा यह हुआ कि प्रदेश के प्रत्याशी चयन प्रक्रिया से शीर्ष नेतृत्व ने खुद को इस से दूर हटकर प्रदेश भाजपा को ही सारे अधिकार दे दिए। इसी के बाद से शिवराज सिंह ने अपने समर्थकों को प्रत्याशी बनाने के लिए सुरक्षित डिफेंस के साथ रणनीति बनाई और शत प्रतिशत सफल भी हो गए। इस खेल में हिस्सा लेने वालों में प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल भी अपनों के साथ स्पर्धा में गए थे। पूरे खेल में शिवराज ही थे जिन्होंने 78 प्रत्याशियों की घोषणा के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व को इस बात के लिए मनाया की प्रदेश के प्रत्याशियों का चयन प्रदेश नेतृत्व के हवाले किए जाने से नतीजे बेहतर मिलेंगे। शिवराज की इस मांग को सबसे ज्यादा प्रभावी बनाया अप्रत्यक्ष मदद कर वसुंधरा राजे सिंधिया ने। जिन्हें राजस्थान में नजर अंदाज करने से प्रदेश की भाजपा टूटने की कगार तक पहुंच चुकी थी। इस अप्रत्यक्ष दबाव ने भाजपा हाई कमान को शिवराज सिंह की बात मानने के लिए मजबूर कर दिया था।

जैसे ही प्रदेश के प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया प्रदेश के नेताओं के हाथ लगी, सभी क्षत्रप नेता सक्रिय हो गए। जो खुद को प्रत्याशी बनाए जाने पर इतने खुश नहीं थे। बल्कि, कुछ ने तो स्पष्ट भी कहा था कि हम विधानसभा चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं पर लड़ना पड़ रहा है। फिर सभी छत्रप नेता अपने समर्थकों के नाम को प्रत्याशी बनाने के लिए सक्रिय हो गए। इसी दरमियान पहले हिस्से में ही शिवराज सिंह ने बड़ी शालीनता से अपने समर्थकों को प्रत्याशी घोषित करवा लिया। सबसे अधिक नाम भी उनके थे। बचे हुए प्रत्याशियों के लिए वीडी शर्मा, नरेंद्र तोमर, कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल में बटवारा हो गया। इसी कारण बहुत से हल्के प्रत्याशियों का भी चयन हो गया तो कुछ सीटों पर विवादित नाम तय हो गए। अब खामियाजा संगठन को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन, ये नकारात्मकता भी साफ नजर आ रही है की विद्रोह और नाराजगी कम होने की बजाय बढ़ती जा रही है। याने डेमेज कंट्रोल करने वाले असफल हो रहे हैं। राजनीतिक सूत्रों की माने तो शिवराज के नाम छट जाने के बाद क्षत्रप नेताओं के समर्थकों में कई गड़बड़ वाले नामो को स्वीकृति मिल गई। सिर्फ इस स्वार्थ में की मुख्यमंत्री के लिए स्पर्धा होगी तो समर्थक क्षत्रप नेता के पक्ष में आएंगे, पर सभी जीतेंगे तब...?

# कांग्रेस ने चार प्रत्याशी बदलकर अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मार ली...

**मंदसौर/उज्जैन, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** फिर एक बार कांग्रेस संगठन के शीर्ष नेताओं ने अपना अंदर का डर कुछ ऐसे उजागर किया है, जैसे कोई योद्धा लड़ने से पहले ही हार मान लेता है। अभी चार प्रत्याशी ही बदले हैं, इसी तरह का विरोध अगर चला तो और भी बदले जाने की संभावना है। ऐसा तब हो रहा है जब प्रदेश का प्रभार के सी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला के हाथों में है। कहने को दोनो राष्ट्रीय पदाधिकारी है पर वार्डो के गैंगधारी नेताओं के सामने सहम जाते हैं और अपनी ही चयन समितियों की सहमति से लिए गए निर्णय बदल देते हैं। इनकी दूसरे संगठन से जुदा काम करने की अदा ने प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव मैदान में बहुत पीछे धकेल दिया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने अपने ही घोषित प्रत्याशियों में से चार प्रत्याशी बदलकर कांग्रेस के जनमत को एकदम नीचे गिरा दिया है। इनमें से प्रदेश भर में चर्चित है बड़नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी का नाम काटकर मुरली मोरवाल को फिर से प्रत्याशी बना देना। इस नाम पर प्रदेश भर में अचरज का वातावरण होने के साथ उज्जैन जिले के साथ प्रदेश में महिला मतों से पूरी कांग्रेस आहत होने वाली है। कारण साफ है उनके पुत्र का कारनामा चौकी, थाना, अस्पताल, तहसील, जिला और न्यायालय तक प्रत्येक स्तर पर परिवारों में चर्चा का विषय बना रहा था। इसके अलावा बड़नगर में राजपूत मतों की संख्या 35 हजार के लगभग है। ऐसे में राजपूत राजेंद्र सिंह सोलंकी को प्रत्याशी बनाकर फिर बदलकर राजपूत मतों को नाराज कर बड़नगर से भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र पंड्या की जीत को निश्चित कर दिया है।



चन्द्रमोहन भगत

सुमावली में पहले कुलदीप सिकरवार को प्रत्याशी बनाकर अजब सिंह को रोका था। अजब सिंह के समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन कर अपने समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया और दावा किया कि अगर उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया गया तो कांग्रेस को हराने का काम करेंगे। अब अजब सिंह कुशवाहा को ही प्रत्याशी बना दिया है। जावरा से हिम्मत श्रीमाल को प्रत्याशी बनाया था जो पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक पांच चुनाव जीते एक भी हारे नहीं थे, सक्रिय भी थे। अब इन्हें हटाकर आलोट के वीरेंद्र सिंह सोलंकी को इसलिए प्रत्याशी बना दिया कि आलोट नगर पालिका में उनके परिजनों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इस कारण वर्तमान परिषद में कांग्रेस को हारना भी पड़ा। इसका इनाम देकर सोलंकी को जावरा का विधानसभा प्रत्याशी बना दिया गया है। अनुसूचित जाति की सुरक्षित सीट पिपरिया से भी वीरेंद्र बेलवंशी को बदलकर अब गुरु शरण खरे को प्रत्याशी बना बनाया है। जिन्हें पहले प्रत्याशी बनाया गया था, उनके समर्थक और समाज के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नाराजगी बन जाना स्वाभाविक मानव गुण है और ऐसा होना तय भी है। इन बदलावो के अलावा शुजालपुर में रामवीरसिंह सिकरवार के विरोध में जिला अध्यक्ष ही भोपाल पहुंचे हुए हैं तो मल्हारगढ़ सीट से परशुराम सिसोदिया को बदलवाने के लिए श्यामलाल जोगचंद तीन बसे भर कर समर्थको के साथ पीसीसी पहुंचे हैं। कुल मिलाकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस को संवारने आयातीत राष्ट्रीय पदाधिकारी केसी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा से नाराज जनमत के वातावरण को ही इतना संवार दिया है कि अब कांग्रेस को हराकर जीतने की स्थिति में आ गई है। अगर ऐसे ही नौसिखिए प्रभारी गलत नाम को प्रत्याशी बनाते रहे तो कांग्रेस की बची हुई साख भी मतदान वाले दिन तक मिट्टी में मिल जाएगी!

# कांग्रेस प्रत्याशी सोजतिया के भरा नामांकन

## मतदाता, कार्यकर्ता और मेरे समर्थक सभी देवतुल्य है-सोजतिया

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 26 अक्टूबर गुरूवार को शुभ मुहूर्त में गरोठ - भानपुरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष सोजतिया ने नामांकन भरा। सोजतिया के नामांकन को लेकर क्षेत्रवासियों में अपार उत्साह देखने को मिला। गरोठ के बोलिया रोड से प्रारंभ हुई रैली में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।



श्री सोजतिया को लेकर क्षेत्र में अपार उत्साह है और हर कोई अपने नेता के नामांकन में शामिल होना चाह रहा था। सबसे बडी बात यह रही कि श्री सोजतिया के नामांकन में सभी जातियों के प्रतिनिधि प्रस्तावक बनें। नामांकन में तूफान सिंह सिसोदिया, भागचंद गहलोत, श्रीमती प्रतिभा राहुल पाटीदार, श्रीमती सरोज सुरेश सेठिया प्रस्तावक बने। इससे श्री सोजतिया ने एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया। नामांकन रैली की कमान युवा नेत्री टोनू सोजतिया ने संभाल रखी थी। पूरे रास्ते में सोजतिया ने समर्थकों ने फूल मालाओं और पुष्पवर्षा कर नामांकन रैली और श्री सोजतिया का स्वागत किया। रैली में आयें क्षेत्रवासियों ओर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए श्री सोजतिया ने कहा कि नामांकन के दौरान मेरे साथ मेरी शक्ति बनकर सदैव करीब रहने वाले सभी कार्यकर्ताओं समर्थकों और देव तुल्य मतदाताओं का बहुत-बहुत आभार आज इतनी बडी संख्या में यहां पधारकर आप सभी ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है इससे मेरा हौंसला और हिम्मत दोनों बढे है। नामांकन रैली गरोठ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंची जहां पर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष श्री सोजतिया ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पाटीदार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टूटेजा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिव भानपिया, जिला पंचायत सदस्य रिंकेश डपकरा, जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर रावत, ब्लॉक अध्यक्ष भानपुरा विरेन्द्र सिंह हाडा, ब्लॉक अध्यक्ष गरोठ भवानी शंकर धाकड, ब्लॉक अध्यक्ष मेलखेडा करणसिंह रावत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल, पार्षद शीतल भुटानी, रविन्द्र पाटीदार, अनुप व्यास, निमिष तिवारी, कृपालसिंह, किशनसिंह चौहान पावटी, एनडी वैष्णव, रिंकु चौहान सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण कांग्रेस जनों सहित दस हजार से अधिक लोग सम्मिलित हुए।



# कार्यकर्ताओं के साथ परशुराम ने किया नामांकन दाखिल

**मल्हारगढ़, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्यक्षी परशुराम सिसोदिया ने हजारो कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रत्याशी सिसोदिया की नामांकन रैली पिपलियामंडी में महेश्वरी धर्मशाला के सामने से प्रारंभ हुई इस दौरान श्री सिसोदिया राधा कृष्ण मंदिर, टीलाखेडा बालाजी, पंचमुखी बालाजी मंदिर के दर्शन किये वही गांधी चौक पर महात्मा गांधी, राजा टोडरमल जी, ज्योति बा फुले, सरदार पटेल सहित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नामांकन रैली पिपलियामंडी से गुडभेली होते हुए नारायणगढ होते हुए मल्हारगढ़ पहुँचा। यहां कांग्रेस प्रत्याक्षी सिसोदिया ने बैलगाडी से नगर भ्रमण कर नगर के आमजनों से आशीर्वाद मांगा। जिसके बाद सीएम राइज स्कूल के सामने सभा हुई जहां सभा को सम्बोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया ने कहा कि मैं आपकी हर कसौटी पर खरा उतरूंगा कांग्रेस ने वचन दिया कि 2 लाख तक कर्ज माफ होंगे, गोशाला खोलेंगे, पशुओं का गोबर खरीदेंगे, 5 हार्स पावर माफ 10 हार्स पावर हाफ, बच्चों को 1से 12 तक हर महीने छात्रवृति देंगे। जिला कांग्रेस प्रभारी अर्चना जायसवाल ने कहा कि कमलनाथ ने सेनापति मैदान में उतार दिए है अब सेना आप हो हम को युद्ध जिताना है भाजपा को भगाना है। महिला अत्याचार, किसान परेशान हर वर्ग पीडित है भाजपा से मुक्ति पाना है। पूर्व विधायक पुष्पा भारती ने कहा कि मैं भी उम्मीदवार थी लेकिन जब टिकिट हो गई में कांग्रेस के साथ हू। कांग्रेस ने हमेशा मेघवाल समाज को सम्मान दिया है मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को चार बार टिकिट दिया। श्री सिसोदिया ने निर्वाचन अधिकारी विवेक सोनकर के समक्ष नामांकन दाखिल किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य भोपाल सिंह सोलंकी, ब्लाक अध्यक्ष अनिल शर्मा, ईश्वरलाल धाकड, अर्जुन गुर्जर, गोपाल विश्वकर्मा, अजहर हयात मेव, पुष्पा डांगी, लियाकत मेव, पूर्व जप उपाध्यक्ष गणपतलाल पंवार, विजेश मालेचा, श्याम मालवीय, मदन चौहान, प्रवीण मॉंगरिया, तरुण खींची, अशोक खींची, प्रकाश राठौर, कन्हैयालाल पाटीदार, तुलसीराम पाटीदार, विनोद पटेल सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन मोजुद थे। संचालन अनिल शर्मा ने किया आभार नितिन विजयवर्गीय ने माना।

# पूर्व सैनिक द्वारा विनर फिजिकल अकादमी का शुभारंभ



**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के सदस्य पूर्व सैनिक रामनारायण गुर्जर द्वारा कॉलेज ग्राउंड मंदसौर में विनर फिजिकल अकादमी का श्रीगणेश किया। प्रारंभ में अकादमी द्वारा करीब 30 छात्र एवं छात्राओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व सैनिकों द्वारा भारत माता के चित्र पर माला, पुष्प अर्पण कर एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। विनर फिजिकल अकादमी के कोच एवं पूर्व सैनिक रामनारायण गुर्जर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को वहां उपस्थित पूर्व सैनिकों का परिचय देते हुए भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, पुलिस व अन्य बेल्ट सर्विस के पदों पर भर्ती कैसे होना है उस संबंध में विस्तृत जानकारी दी साथ ही हमारे अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर के संगठन मंत्री दिनेशचंद्र जाट, जितेंद्र माली द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को किसी भी परीक्षा में और ग्राउंड में होने वाली गतिविधियों एवं सेना भर्ती के बारे में जानकारी दी तथा आगे चल कर कैसे देश का नाम रोशन किया जाए उसके बारे में प्रेरित किया, साथ ही सभी ने जोरों शोरों से भारत माता की जयकारा और वंदे मातरम का नारा भी लगाया। अंत में रामनारायण गुर्जर द्वारा सभी को हैंड बैंड वितरित किया गए। इस अवसर पर हमारे संगठन के नए कोच एवं पूर्व सैनिक रामनारायण गुर्जर, संगठन सह मंत्री दिनेशचंद्र जाट, संगठन सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, मल्हारगढ तहसील प्रभारी ऋषिराज गुर्जर, उप मीडिया प्रभारी नरेंद्र खटवड़, सनी भावसार, जितेंद्र माली, अभिषेक उपाध्याय, प्रहलाद राठौड़, मिटठूसिंह सिसोदिया, ट्रेनर शिवपाल सिंह, ट्रेनर अर्जुन मालवीय सहित पूर्व सैनिक एवं सिविल ट्रेनर उपस्थित रहे।

# सभी मतदान केन्द्रों पर बेहतर एएमएफ सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं-जैन



## कलेक्टर ने की स्वीप गतिविधियों की समीक्षा

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नीमच जिले में 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा। मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढाने के लिए विशेष प्रयास किये जाए और प्रयास करें, कि मतदान प्रतिशत में नीमच जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में मतदान जागरूकता गतिविधियां पर विशेष फोकस किया जायें। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में स्वीप गतिविधियों को समीक्षा के दौरान दियेगये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, संयुक्त कलेक्टर राजेश साह, सभी जिला अधिकारी एवं सभी जनपद सीईओं एवं सीएमओं उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने नगरीय निकायों, जनपदों द्वारा अब तक संचालित स्वीप गतिविधियों पर संतोष जताते हुए कहा, कि मतदान दिवस में अब समय कम रहा है। अत: सभी नगरीय निकाय एवं जनपद और विभाग शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर मतदान जागरूकता की गतिविधियां बढायें। मतदान दिवस 17 नवम्बसर 2023 का विशेष प्रचार–प्रसार कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलवायें। संकल्प पत्र भरवाएं। उन्होंने सभी नगरीय निकायों जनपदें, ग्राम पंचायतों के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए भी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों को बढाने पर जोर देते हुए कहा, कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान अवश्य करें, यह सुनिश्चित किया जाएं।

# भाजपा के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ



**सीतामऊ, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा विधानसभा के सीतामऊव ग्रामीण मण्डल के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि हम विचारो की लड़ाई लड़ रहे है हमारी राष्ट्र को प्रथम रखने वाले विचार धारा वाली पार्टी के कार्यकर्ता है वही दूसरी और राष्ट्र विरोधी बात करने वाले है अपनी विचारधारा की सरकार लाने के लिए दिन रात एक करने है। विधानसभा के चुनावी प्रभारी मदनलाल राठौर ने कहा कि जन्म से मृत्यु तक की योजना भाजपा सरकार द्वारा संचालित की गई। विधानसभा के प्रत्याशी हरदीपसिंह डंग ने कहा कि जहां राष्ट्र और सनातन की बात होती है उसको मजबूती प्रदान करना हम सबका कर्तव्य है हमे हर बूथ से कमल ख़िलाने के लिए कोई कसर बाकी नही छोड़नी है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष लालसिह देवड़ा, विधानसभा सयोजक जितेंद्र सिंह कोटड़ामाता वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनाथ सिंह काचरिया सहित सेकड़ो संख्या में भाजपा व मोर्चो के अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को किया जा रहा जागरूक

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित हैं। आगामी 17 नवम्बर 2023 को जिले के प्रत्येक आयु वर्ग का मतदाता अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे, इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामवार रैलियों, दीवार लेखन तथा गृह भेंट के माध्यम से जन-जागरूकता प्रसारित की जा रही है।

इसी तरह स्कूल, कॉलेजों में निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली, मानव श्रृंखला जैसी अनेकों प्रतियोगिताऐं आयोजित करते हुए, नये मतदाताओं को जोड़ा जा रहा है। विगत दिवसों में आयोजित नवरात्रि पर्व के दौरान भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप गरबा तथा गायन प्रतियोगिता आयोजित कर, आमजनों से आगामी 17 नवम्बर 2023 को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई है। इसी तरह जिले में नवाचार करते हुए ग्रामवार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ग्रामवार मतदान के लिए पात्र व्यक्तियों से हस्ताक्षर कराकर आगामी 17 नवम्बर 2023 को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है।

# जोकचंद्र को टिकिट देने की मांग को लेकर समर्थकों ने भोपाल में किया प्रदर्शन



**पिपलियामंडी, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र से जन नेता श्यामलाल जोकचंद्र को टिकिट देने की मांग को लेकर गुरुवार को भोपाल में सैकडों कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया व नारेबाजी की । समर्थको ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह से निवास पर व प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी रणदीपसिंह सुरजेवाला से चर्चा की व टिकिट नही देने पर जोकचंद्र को निर्दलीय चुनाव लड़वाने की चेतावनी दी। नेताओ ने टिकिट को लेकर पुन: विचार-विमर्श करने की कहा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने खूब नारेबाजी की।

# स्टेशन रोड पर अतिक्रमण एवं जाम से मिलेगी निजात

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अधिवक्ता श्री महेश मोदी के माध्यम से कर्मचारी कॉलोनी, अभिनंदन कॉलोनी, शांतनु विहार आदि के रहवासियों गोपाल गुप्ता, भवंरलाल सुरावत, मुकेश आर्य, राजेश कटारिया, इसरार खां, बाबर खां, जयप्रकाश बसेर, योगेश पोरवाल, एहसान अजमेरी आदि द्वारा मंदसौर रेलवे स्टेशन के बाहर अंधे मोड़ के दोनों और के अवरोधों को हटाए जाने के संबंध में नगर पालिका परिषद मंदसौर के विरुद्ध लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था।

आवेदकगणं द्वारा बताया गया कि यह रोड मास्टर प्लान में 60 फीट चौड़ा प्रस्तावित है परंतु वर्तमान में इसकी चौड़ाई सिर्फ 26 फीट बची है जिसके दोनों और स्थाई एवं अस्थाई दुकान व गुमटियां अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं जिससे दिन भर जाम की स्थिति बनती है तथा दुर्घटनाएं भी होती है। जाम लगने से नगर वासियों को मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा उठानी पड़ रही है। उन्होंने माननीय लोक अदालत से समस्त अतिक्रमण एवं अवरोध को हटाए जाने का अनुरोध किया गया। माननीय लोक अदालत के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश श्री हर्ष सिंह बहरावत एवं पीठ के सदस्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री आदित्य सोनी एवं सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोविन्द राठौर की पीठ द्वारा नगर पालिका परिषद मंदसौर के विरुद्ध 20 अक्टूबर 2023 को आदेश पारित कर नगर पालिका परिषद मंदसौर को आदेशित किया गया है कि वह विधिवत कार्रवाई करते हुए एक महीने के भीतर रेलवे स्टेशन के बाहर माल गोदाम रोड के मोड पर स्थित अस्थाई एवं स्थाई अवैध अतिक्रमण हटाकर उक्त रोड को निर्धारित चौड़ाई का रास्ता कायम करे ताकि सुगम आवागमन में किसी प्रकार की कोई असुविधा जन सामान्य को ना हो। उक्त आदेश का पालन नगर पालिका परिषद द्वारा नहीं किये जाने पर आवेदकगण अपने विधिक अधिकार के अन्तर्गत सिविल न्यायालय में निष्पादन (एक्जीक्यूशन) कार्यवाही किये जाने हेतु स्वतंत्र है।

# जिले में किया जा रहा है शिकायतों का त्वरित निराकरण

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला कंट्रोल रूम एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। इस प्रकोष्ठ में आर्दश आचरण संहिता लागू होने कि तिथि से अब तक कुल 198 शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई है। प्राप्त सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण किया गया है।

जिला कंट्रोल रूम एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठकी नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती किरण आंजना ने बताया कि जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम पर विभिन्न माध्यमों से विधानसभा निर्वाचन के संबंध में प्रतिदिन शिकायत एवं समस्याएं प्राप्त हो रही है। जिसमें सी विजिल एप पर 45, राज्य निर्वाचन आयोग से 12, स्थानीय स्तर अथवा कॉल सेन्टर पर 6 एवं 1950 वोटर हेल्पलाईन के माध्यम से कुल 135 शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमें फोटो पहचान पत्र से संबंधित 121 शिकायतों का निराकरण किया गया है। जिला कंट्रोल रूम पर प्राप्त सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत का 100 मिनिट में निराकरण किया जाता है। इसी प्रकार ऑफलाईन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को भी 24 घन्टे में निराकृत किया जाता है। इस हेतु जिला कंट्रोल रूम पर प्रतिदिन 24 घन्टे के लिये तीन शिफ्ट में चार-चार अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा स्तर पर भी विभिन्न स्तरो पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु 24 घन्टे के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## निर्वाचन व्यय में नामांकन के पहले तैयार प्रचार सामग्री का खर्च भी जुड़ेगा

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे ऐसे प्रत्याशी जिन्होंने अपनी प्रचार सामग्री नामांकन की तिथि से पहले से तैयार की हुई, उन्हें उसका खर्च भी निर्वाचन व्यय में जोड़ना होगा। अभ्यर्थी अपने निर्वाचन व्यय लेखों के रजिस्टर का रखरखाव करते समय उन सभी खर्च के लिए भी उत्तरदायी होगा, जो उसने पूर्व में सामग्री तैयार करने में व्यय की है तथा जिसका वास्तविक उपयोग वह नामांकन अवधि समाप्त होने पर करता है।

## ऑनलाइन नामांकन और अनुमति ले सकेंगे उम्मीदवार

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नामांकन भरने के साथ ही रैली, बैठक, अस्थाई कार्यालय सहित अन्य अनुमति लेने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। इसके लिए अभ्यर्थियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग करना होगा। सुविधा पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन जमानत राशि भी जमा कर सकते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 559 | 1800 | 2415 |
| उड़द | 39 | 4801 | 9899 |
| सोयाबीन | 4800 | 4070 | 5001 |
| गैहु | 2800 | 2550 | 3220 |
| चना | 263 | 5000 | 6091 |
| मसुर | 142 | 4501 | 6090 |
| धनिया | 428 | 5500 | 6700 |
| लहसुन | 13200 | 5500 | 15500 |
| मैथी | 655 | 5800 | 7100 |
| अलसी | 1159 | 4630 | 5151 |
| सरसो | 288 | 4901 | 5351 |
| तारामीरा | 2 | 4726 | 4828 |
| इसबगोल | 28 | 9000 | 21000 |
| प्याज | 5000 | 1700 | 4701 |
| कलोंजी | 20 | 11000 | 16401 |
| डॉलर | 16 | 9002 | 13601 |
| तिल्ली | 8 | 14700 | 15881 |
| मटरसुखी | 10 | 2001 | 2753 |
| असालीया | 14 | 9800 | 11251 |

# निर्वाचन ड्यूटी में लगे लोक सेवकों का हो सामूहिक बीमा

## सर्वशिक्षक संघ जिला मंदसौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर की मांग

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सर्व शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी म.प्र. निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मंदसौर को पत्र लिखकर जबसे आयोग की आचार संहिता लागू हुई है निर्वाचन में संलग्न शासकीय लोकसेवकों का सामूहिक बीमा किये जाने एवं गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोक सेवकों के आवेदनों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।

सर्वशिक्षक संघ ने अपने पत्र में लिखा है कि मध्यप्रदेश के लोक सेवकों का म.प्र. शासन सामूहिक बीमा करता है ताकि कोई भी लोक सेवक परिवार किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से पीड़ीत नहीं हो। दिनांक 10 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है एतदर्थ प्रत्येक लोक सेवक राज्य निर्वाचन आयोग के यहाँ प्रतिनियुक्ति पर है इसलिये किसी भी भावी संकट से निपटने के लिये लोक सेवकों का राज्य निर्वाचन आयोग को बीमा करवाना चाहिये। एक आदर्श नियोक्ता के अनुरूप अपनी भूमिका का सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग अपनी आदर्श भूमिका निभा रहा होगा लेकिन अभी तक किसी भी समाचार पत्र में यह स्पष्टनहीं हुआ है और न कोई आदेश के देखने को मिला है। साथ ही बिमारियों से पीड़ित लोक सेवकों की ड्यूटी लगी है, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोकसेवकों, कोविड 2019 से प्रभावित तथा उसके बाद की बिमारियों से पिडीत कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। आवेदन पत्र लेने की प्रक्रिया का भी सरलीकरण हो। संघ के प्रांतीय संरक्षक रामकृष्ण नवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सांखला, संभागीय उपाध्यक्ष आशीष बंसल, महिला प्रकोष्ठसंभाग उज्जैन की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता नाहर, अध्यक्ष जिला मंदसौर जयेश नागर, जिला उपाध्यक्ष मनीष पारिख, महिला जिला उपाध्यक्ष सरिता अग्निहोत्री, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, जिला सहसचिव अंशुल धनोतिया, राजेन्द्र शर्मा व्याख्याता, प्रकोष्ठ के संयोजक विष्णुकुमार सोनी, जिला प्रवक्ता जगदीश काला, राधेश्याम सेठिया आदि ने अपना कर्तव्य समझते हुए यह पत्र लिखकर मांग की है।

# कलेक्टर ने पांच व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस्थिति देने का किया आदेश जारी

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 03(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच व्यक्तियों रमेश पिता किशनलाल सूर्यवंशी निवासी लदूना, ईश्वर पिता भगवानसिंह सौ. राजपूत निवासी महुवी, जुझारलाल पिता कचरूलाल मोगिया निवासी बनी, नैनसिंह पिता फतेसिंह सौ. राजपूत निवासी बर्डियापूना एवं गबसिंह पिता मांगीलाल सौ. राजपूत निवासी सगोरिया को कलेक्टर श्री यादव ने आदेशित किया है, कि ये तीन माह तक प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति देकर यह सुनिश्चित कराये की वह किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है।

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट
जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

**✻✻ जाहिर सूचना ✻✻**

बनाम:- सर्व साधारण

इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता हैं कि मेरे व्यवहारी ने श्रीमती कमलाबाई पति कन्हैयालाल जी जाति पाटीदार, निवासी ग्राम बरखेड़ा कामलिया, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 19, ग्राम सेगवा, तहसील जावद, में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 408 रकबा 3.120 हें. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में – सर्वे क्रमांक 407, 409, 410, 411, 417 की भूमि, दक्षिण में – ग्राम कुण्डला की सीमा, पूर्व में – सर्वे क्रमांक 418 की भूमि, पश्चिम में – सर्वे क्रमांक 326 की भूमि स्थित हैं की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ॠण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा। जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के सात दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

दिनांक:- 26.10.2023

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

बलवा कर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले प्रकरण में 5-5 हजार के...

# छः इनामी आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**मनासा, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने एकजुट होकर घर में घुसकर तोड़फोड़ कर बलवा करने व आत्महत्या के लिये प्रताडित करने के मामले में फरार 5-5 हजार रूपये के 6 ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार रणजीत पिता हरलाल बंजारा अपने पडोसी जनता बाई पति स्व. हरलाल की लड़की सोना को भगाकर ले गया उसी बात को लेकर लड़की के रिश्तेदारों के द्वारा लड़के पक्ष से 09 लाख 70 हजार रुपये दण्ड स्वरुप रुपये की मांग की व रुपये नही देने पर प्रताड़ित कर श्यामलाल, सद्दाराम, हरलाल पिता मांगीलाल तीनो के घरो मे 13 मार्च 23 को घर के अंदर ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर घरेलु सामान, कुलर, पंखा, पलंग पेटी, बर्तन को पत्थर व डंडो से तोड़कर नुकसान किया। जिसकी खबर लगने पर रणजीत के पिता हरलाल पिता मांगीलाल एव साबुबाई पति हरलाल बंजारा ने प्रताड़ित होकर 23 मार्च 23 की रात्री मे लडके के पिता ने कीटनाशक दवाई पीकर आत्म हत्या करने की कोशिश की। उपचार के दौरान साबुबाई पति हरलाल बंजारा उम्र 43 साल नि. नया मालाहैडा की मृत्यु हो गयी। मामले में मर्ग जांच पर से अपराध धारा 306, 452, 427, 147 भादवि का 19 आरोपीयो के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में पुर्व में आरोपी बादर पिता रोडीलाल बंजारा उम्र 33 साल नि. नया मालाहैडा व जनताबाई पति स्व. हरलाल बंजारा उम्र 45 साल नि. नया मालाहैडा, नैना पिता रतनलाल बंजारा उम्र 35 साल निवासी नया मालाहेडा, प्रहलाद पिता गोरीलाल बंजारा उम्र 32 साल निवासी जमालपुरा माताजी को गिरफ्तार किया गया था तथा फरार आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कप्तान नीमच द्वारा प्रत्येक आरोपी कुल 17 पर 5-5 हजार रूपये के इनाम की घोषणा भी की गयी थी। गुरुवार को मुखबीर सूचना पर फरार आरोपी घासीराम उर्फ घासी पिता रोडीलाल, बापुलाल पिता धन्ना, प्रहलाद पिता सुरजमल, गुडडा पिता शौला, इन्दसिंह पिता शौला व बिदन पिता शौला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से सभी को जैल भेजने के आदेश हुए। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मनासा शिव कुमार यादव व उनकी टीम का योगदान रहा।

## जिले में 15 से 17 नवम्बर एवं 3 दिसम्बर को ड्राय-डे घोषित

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम-1915 की धारा-24 केतहत विधानसभा निर्वाचन-2023 के समय शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए प्रशासकीय एवं लोकहित में नीमच जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकानें एफ.एल.-2 बार, एफ.एल-7 (फुटकर सैनिक केंटीन) एंव मदिरा भण्डाररगार, मतदान समाप्ति के 48 घन्टे पूर्व से अर्थात 15 नवम्ब र 2023 को शाम 6 बजे से 17 नवम्ब र 2023 को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना तिथि 3 दिसम्बेर 2023 को सम्पूकर्ण दिवस शुष्कस दिवस (ड्राय-डे) घोषित किया गया है। उक्त अवधि में उपरोक्तम के साथ ही किसी होटल, भोजनशाला, रेस्टोरेंट, क्लिब, दुकान में अथवा किसी अन्यक लोक या प्रायवेट स्थादन में को स्पिरिट्युक्तस किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही, प्रकृति का अन्या पदार्थ का विक्रय एवं वितरित किया जाना प्रतिबंधत रहेगा। इस आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये है।

# चुनाव की गोपनियता भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखें-कलेक्टर

### मतदान दल अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में सीखी बारीकियां, मतदान दलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले की विधानसभा क्षेत्रों में मतदान को संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीदिलीप कुमार यादवके मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियां जोरो पर की जा रही है। इन तैयारियों के तहत जिले में मतदान दलों के प्रथम एवं द्वितीय सत्र आयोजित कर प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय के कुशाभाउ ठाकरेआटिडोरियम में प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ. जे.के. जैन एवं अन्य सहायक मास्टरट्रेनर्स ने द्वारा संचालन कर संपन्न कराया जा रहा हैं, जो 28 अक्टूबर तक चलेगा।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा कि चुनाव की गोपनियता भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखे। चुनाव आयोग द्वारा जारी निदेर्शो का पालन करें। हमेशा अपटेड रहे। सभी कर्मचारी टीम भावनाओं के साथ काम करे। नामांकित पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी एवं कर्मचारियों को जिले के कुशल मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिनके द्वारा मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान दल में संलग्न शासकीय सेवक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण के दौरान अपनी शकांओं का समाधान भी अनिवार्य रूप से कर लें। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात एवं मतलेखा तैयार करनें की जानकारी से अवगत होना आवश्यक है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को आयोग द्वारा किए गए परिवर्तनों की जानकारी से अवगत करवाया। प्रशिक्षणकेप्रथमसत्रमें संपूर्णमतदान प्रक्रिया, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों केदायित्व सामग्री, विभिन्न प्रपत्र तैयार करना, चरलज्ञ झश्रिश्र एवं डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया व अनुपस्थितमतदाता (AVSC, AVPD, AVES) के मतदान की प्रक्रिया का गहनप्रशिक्षण दिया गया। मतदान अधिकारीगण आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में व्यवस्थितरूप से जानकारी भरते समय सावधानियों का विशेष ध्यान रखें।

प्रशिक्षणके द्वितीय सत्र के दौरान मास्टरट्रेनर्सद्वारा EVM E, VVPAT पर विस्तृत प्रशिक्षण जानकारी एवं, मास्टरट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के अधिकारियों को ईवीएम मशीन की प्रक्रिया एवं संचालनसे अवगतकराया। मतदानके लिए वैकल्पिक दस्तावेज, मतदाताओं के लिये मतदाता सूचना पर्ची, मतदानदलो के लिए ग्रीन पेपर सील, प्रशिक्षण में बताए बिंदु प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को दी जाने वाली सामग्री जैसे इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट मशीन के बारे में विस्तार से अवगतकराया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वव, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्याक्त, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, विस्थापन, व्हीनव्ही पीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई।

## विपिन जैन का दौरा कार्यक्रम

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के



कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार श्री विपिन जैन 27 अक्टूबर 2023 शुक्रवार को मंदसौर शहर में जनसंपर्क प्रात: 8 बजे ओखा बावजी मंदिर चंद्रपूरा से प्रारंभ होकर वार्ड क्रमांक 26,27,28,29 मैं होगा। श्री जैन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनों के साथ जनसंपर्क करेंगे।


उसके बाद श्री जैन मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक के विभिन्न गांव में आम जनता के बीच जाकर जनसंपर्क कर आशीर्वाद लेंगे। गांव खजूरी बड़ायला दोपहर 3:30 बजे, अचेरा शाम 4 बजे, बूचाखेड़ी शाम 5 बजे, गौरखेड़ी शाम 5:30 बजे, मिर्जापूरा शाम 6 बजे, अघोरिया शाम 7 बजे, सेजपुरिया रात 8 बजे पहुंच कर ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क करेंगे। आपके साथ मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा व कांग्रेस के वरिष्ठ जन साथ रहेंगे यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।

# ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ाया

**उज्जैन, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** लोकायुक्त पुलिस ने गुरूवार को उघानिकी विभाग के बडनगर में पदस्थ विस्तार अधिकारी शैतान सिंह निनामा को किसान राहुल पाटीदार निवासी ग्राम मलोडा से 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकडा गया है। किसान से पाली हाउस में उच्च कोटी की सब्जी उगाने पर मिलने वाली सब्सिडी पास करने के लिये 15 प्रतिशत राशि की रिश्वत स्वरूप मांग की थी।

पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त उज्जैन संभाग अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें सोमवार को किसान ने शिकायत की थी। शिकायत सत्यापन के लिए डीएसपी सुनील तलान को दी गई। सत्यापन पर स्पष्ट हुआ कि निनामा ने राहुल पाटीदार एवं उनके रिश्ते के भाई परमानंद पाटीदार से कुल 4.20 लाख की सब्सिडी उनके खाते में डालने के लिये 15 प्रतिशत के मान से 63 हजार रूपए रिश्वत की मांग की। किसान राहुल के अनुरोध पर निनामा ने रिश्वत की राशि 50 हजार रूपए देना तय हुआ। इसमें से 20 हजार रूपए की राशि गुरूवार को एवं शेष 30 हजार रूपए की राशि खाते में सब्सिडी ट्रांसफर होने के उपरांत दिया जाना तय हुआ। गुरूवार दोपहर उपरांत रिश्वत लेने के लिये निरीक्षक निनामा ने आवेदक को उपसंचालक उद्यानिकी पी. एस. कनेल के कार्यालय बुलाया। यहां राहुल की उपसंचालक से भी चर्चा कराई जिन्होंने आवेदक को कहा कि आपका काम 2-3 दिन में हो जाएगा। उन्होंने आवेदक राहुल को निनामा से मिलने को कहा। निनामा ने आवेदक को कोठी पैलेस चौराहा (लोकायुक्त कार्यालय के सामने) बुलाया एवं उनसे राशि हाथ में लेकर एक टिन के बिस्किट के खाली डिब्बे में रख लिये। इशारा पाते ही लोकायुक्त की टीम ने आरोपी शैतान सिंह निनामा को रंगे हाथ पकड़ लिया। डीएसपी सुनील तलान ने बताया कि विस्तार अधिकारी निनामा के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# झिलमिलाती झांकियों से जीवंत हो उठी नाहरगढ़ की परंपरा, अखाड़ों ने दिखाए करतब





**नाहरगढ़, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले मंदसौर जिले नाहरगढ गांव विजयादशमी के एक दिन बाद ग्यारस के पावन पर्व पर परंपरागत रूप से निकलने वाली भाई समाज सेवी ओम गोस्वामी सहयोग से झांकियों का कारवां गुरुवार की देर शाम 8:30, से नांकिया बाग हनुमान से निकलना शुरू हुआ, जहां एक-एक कर सभी झांकियां निकलने लगी। अखाड़ों के साथ निकल रही इन झांकियों को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से जनता पहुचीं थी, जहां लोग अपनी व्यवस्थाओं के साथ झांकियों को निहारने के लिए परिवार के साथ बैठे नजर आए। नगर का यह नजारा देख हर कोई खुश नजर आ रहा था। झिलमिलाती झांकियों के साथ अखाड़ों ने दिखाए करतब, झिलमिलाती झांकियां अलग-अलग स्थान से निकलकर नगर भ्रमण के लिए सड़कों पर उतरी। वहीं झांकियों के साथ अखाड़े भी अपना करतब दिखा रहे थे। आज से 14 वर्ष पूर्ण नगर की परंपरा को जब ग्रहण लग था, केवल एक हनुमान मंदिर की झांकी और अखाड़ा निकलता था, उस समय लोगो भावना एक झांकी को देखकर आहत हुई थी, फिर मौजूदा वक्त समय स्वर्गीय बाबुलालजी सुराणा ने मुकेश गिस्वामी तथा समाजसेवी, ओम गोस्वामी चर्चा की, उसके पश्चात बाद भाई ओम गोस्वामी ने दशहरे के एक दिन बाद निकलने वाली झांकियां को जनता की भावना को देखते हुए इस पुनीत कार्य को अपने हाथों में लिया और 14 वर्षो र्से ओम गोस्वामी द्वारा प्रति वर्ष झांकियां को प्रोत्साहन राशि 71 सो रुपए प्रत्येक झांकी दी जाती है। इस प्रोत्सान राशि स्वरूप सहयोग राशि देने बाद नाहरगढ पंरपरा जीवित हो उठी।

गोस्वामी इस सहयोग से नगर जनता उत्साह साथ आभार प्रकट किया निकलने वाली झाकिया इस प्रकार थी, 1 श्री बाल नवयुवक मंडल समिति द्वारा श्रीनाथजी की झांकी बनाई गई 2 श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा अमरनाथ की झांकी बनाई गई, 3 श्री धनगर ग्रुप द्वारा चंद्रयान 3 की झांकी बनाई गई, 4 प्रजापति युवा संगठन द्वारा भगवान पशुपतिनाथ की झांकी बनाई गई, 5 श्री महाकाल शाही सवारी द्वारा बागेश्वर धाम बालाजी की झांकी बनाई गई। 6 श्री 64 योगिनी माता मंदिर समिति द्वारा रामरथ की झांकी बनाई गई, 7 श्री रूद्र हनुमान समिति।8 श्री तिरुपति बालाजी ग्रुप द्वारा राधा कृष्ण की झांकी बनाई गई, 9 वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की झांकी बनाई गई, 10 विधाता ग्रुप द्वारा झांकी बनाई गई, 11 सुप्रीम डीजे जावरा, 12 डीजे, सभी अध्यक्ष तथा अखाडे उस्तादों का स्वागत गणेश मंदिर चोक श्रीमती प्रियंका गोस्वामी द्वारा किया गया।

# 29 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जप्त, दो गिरफ्तार

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले की जीरन चौकी अंतर्गत हरकिया खाल चल्दू चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान पुलिस में 29 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने शराबभर कर ले जा रहे कंटेनर कीमत 30 लख रुपए को भी जब्त किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि चेकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि एक कंटेनर क्रमांक आरजे 18सर 3292 में अंग्रेजी शराब भरी हुई है जो नीमच से मंदसौर की ओर जा रहा था सूचना पर पुलिस ने कंटेनर को रोका व तलाशी ली तो इसमें 241 पेटी मैकडॉवेल कंपनी की अंग्रेजी शराब भरी थी जिसकी लागत लगभग 29 लाख 4000 है पुलिस में शराब के अवैध परिवहन कर ले जा रहे कंटेनर को भी जप्त किया जिसकी लागत 30 लाख रुपए है।



**दो आरोपी गिरफ्तार-**पुलिस ने शराब ले जा रहे आरोपी विजेश कुमार पिता अमराराम पुरोहित उम्र 31 साल निवासी कुरान टेंपरेचर थाना बागोड़ा जिला जालौर राजस्थान व कवराराम पिता हरभजन विश्नोई उम्र 25 साल निवासी बनिया थाना धनाऊ जिला बाड़मेर राजस्थान को गिरफ्तार किया जिन्होंने उक्त शराब हरियाणा से खरीद कर गुजरात ले जाने संबंधी जानकारी दी उक्त मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**टीम को मिलेगा पुरस्कार-** पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने पुलिस टीम में शामिल दीपक मुजौदा, फतेह सिंह अंजना, अनिल बाजपेई, कप्तान सिंह तोमर सहित अन्य पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ग्राम फतेहगढ़ में हुई स्वीप की गतिविधियां

**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। दलोदा तहसील के ग्राम फतेहगढ़ में आगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भूली धाकड़ एवं श्रीमती रेखा सूर्यवंशी द्वारा गांव में रंगोली, रैली एवं शपथ दिला कर मतदाता को जागरूक किया गया। गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



## कांग्रेस भाजपा प्रत्याशियों ने भरे नामांकन फॉर्म

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को नीमच विधानसभा क्षेत्र से अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी उमराव सिंह गुर्जर वह भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दिलीप ने परिहार ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नामांकन फॉर्म भरे।

कांग्रेस प्रत्याशी उमराव सिंह गुर्जरने सादगी के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, पूर्व विधायक डॉक्टर संपत स्वरूप जाजू, कांग्रेस उद्योग प्रकोष्ठके जिला अध्यक्ष हरीश दुआ ,कांग्रेस नेता कदमके साथ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन फॉर्म प्रस्तुत किया। फॉर्म भरने के पश्चात स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवनपर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रत्याशी उमराव सिंह गुजरव वरिष्ठनेताओं ने किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं भाजपा प्रत्याशी दिलीप सिंह परिहार में भाजपा जिला कार्यालय तपोभूमि से विशाल वाहन रैली के साथ शहर में भ्रमण करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर भाजपा नेताओं के साथ अपना नामांकन प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, भाजपा नेता राकेश भारद्वाज , जिला पंचायत अध्यक्ष सजन सिंह चौहान, महेंद्र भटनागर, सुनील शर्मा, मनीष चौरसिया, हेमंनत हरित, अशोक जोशी, राकेश जैन पप्पू, सुनील कटारिया , सहितबड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी

**नीमच, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टरर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक ग्रेड-2 ईपिक प्रभारी श्री दिलीप जांगडे को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टार ने कारण बताओं सूचना पत्र के माध्यंम से सूचित किया गया है, कि सहायक ग्रेड-2 श्री दिलीप जांगडे को ईपिक कार्ड के संबंध में अभिलेख संधारण एवं आयोग को पत्राचार का दायित्वल निर्वहन का कार्य सौपा गया था। किन्तुस प्रतिदिन देखा जा रहा है, कि श्री जांगडे दोपहर 12 बजे के पूर्व कार्यालय में उपस्थित नही होते है, तथा दोपहर 3-4 बजे के पश्चारत बिना किसी सूचना एवं समक्ष अनुमति के कार्यालय से चले जाते है। निर्वाचन संबंधी किसी महत्वखपूर्ण कार्य के संबंध में तलब किये जाने पर ज्ञात होता है, कि वे कार्यालय में उपस्थित नही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तलब किये जाने पर भी वे कार्यालय में उपस्थित नही पाये गये। श्री जांगडे का उक्त कृत्य निर्वाचन कर्तव्यों् के निर्वहन में घोर लापरवाही एंव अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उक्तत कृत्यज के फलस्वरस्रप क्यों न श्री जांगडे के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-167 के अधीन योग्यव वैधानिक कार्यवाही की जावे ? इस संबंध में श्री जांगडे को अपना स्प1ष्टीीकरण कारण बताओं सूचना पत्र की प्राप्ति से 3 दिवस की समयसीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये है।

**दो हादसों में चार लोग...** पेज 1 से जारी

नीमच के बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस हादसे में अशोक पिता भेरुलाल गुर्जर उम्र 17 वर्ष, महेंद्र पिता रायमल गुर्जर उम्र 18 वर्ष निवासी नवलपुरा और मुकेश पिता मोहनलाल बामनिया उम्र 22 वर्ष निवासी मनासा घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# शास्त्रों के महत्व और मर्म को समझेंगे तो जीवन में हमेशा सफल होंगे-जोशी

### श्री पिपलेश्वर महादेव में पुरस्कार वितरण के साथ नवदिवसीय गरबोत्सव सम्पन्न



**मंदसौर, 26 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री पिपलेश्वर महादेव गरबा मण्डल अग्रसेन नगर गली नंबर 4 मंदसौर में नवदिवसीय गरबा महोत्सव सानंद सम्पन्न हुआ। पारम्परिक वेशभूषा में छोटी-छोटी बच्चियों, माताओं, बहनों ने नौ दिनों तक मातारानी की आराधना करते हुए शानदार गरबों की प्रस्तुती से सभी का मन मोह लिया।

नव दिवसीय गरबोत्सव के अंतिम दिवस टाइम्स ऑफ मंदसौर समाचार पत्र के सौजन्य से पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, नेशनल मीडिया फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल और युवा प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष महावीर जैन थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि आज के बच्चे हम सबसे बहुत ज्यादा आगे है जो परीक्षा में सो में से सो नंबर लाते हैं। इसलिए बच्चों को शास्त्रों के महत्व और मर्म को समझाना चाहिए। यदि बच्चे इस महत्व और मर्म को समझेंगे तो उन्हें बहुत अच्छा ज्ञान प्राप्त होगा और वे जीवन में हमेशा सफल रहेंगे। जहां शिव है वहां शक्ति है और जहां शक्ति है वहां उसके नौ रूप है। नेशनल मीडिया फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मातारानी के दरबार में नौ दिन की आप लोगों ने जो आराधना की है उसका प्रतिफल यह रहता है कि हम वर्शभर सुख शांति से रहते है और धन धान्य से परिपूर्ण रहते है। सच्चे मन से की गई मातारानी की आराधना हमेशा सफलता दिलाती है। युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन ने कहा कि श्री पिपलेश्वर महादेव गरबा पाण्डाल में छोटी-छोटी बच्चियों, माताओं, बहनों ने पारम्परिक वेशभूषा में डांडियां खेलकर एक मिसाल पेश की हैं जो तारीफे काबिल है। मातारानी की कृपा हम सभी पर बनी रहें। प्रारंभ में अतिथियों ने मातारानी की आराधना कर सभी को शुभकामनाएं दी। अतिथियों का स्वागत रामगोपाल गुप्ता, श्याम गेहलोत, प्रकाश कोटवानी, मनोज जोशी, ओमप्रकाश जैन, वीनस गेहलोत, विकास भम्भोरिया, नीलेश गुप्ता, सागर कोटवानी, रूद्रप्रतापसिंह रानेरा, जयदीपसिंह रानेरा, आरव गेहलोत, निश्चय जोशी, रक्षांत वर्मा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने किया तथा आभार मनोज जोशी ने माना।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.43 जो की श्रीमती कंकुबाई पति गोवर्धन लाल धनोतिया को मण्डल आदेश क्रमांक 626 दिनांक 27.01.2014 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.03.2014 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्रीमती कंकुबाई पति गोवर्धन लाल धनोतिया का स्वर्गवास दिनांक 27.04.2021 को हो जाने से एवं इनके पति स्व. श्री गोवर्धन लाल धनोतिया पिता हीरालाल धनोतिया का स्वर्गवास दिनांक 04.12.2004 को हो जाने से इनके पुत्र श्री पंकज धनोतिया पिता स्व. श्री गोवर्धन लाल धनोतिया अपनी बहनों 1. श्रीमती गायत्री बाई पोरवाल पति बालकृष्ण पोरवाल 2. श्रीमती विद्या महाजन पति श्री पूरण मल काला 3. श्रीमती भावना काला पति श्री रामप्रसाद काला की सहमती एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री पंकज धनोतिया पिता स्व. श्री गोवर्धन लाल धनोतिया अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.43 गांधीनगर मंदसौर का नामान्तरण श्री पंकज धनोतिया पिता स्व. श्री गोवर्धन लाल धनोतिया नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक L.I.177 जो की श्री सत्यनारायण अग्रावत पिता श्री राधोदास अग्रावत को मण्डल आदेश क्रमांक 8977 दिनांक 20.12.1986 को आवंटित किया गया था। उक्त भूखंड का पट्ठाभिलेख दिनांक 29.10.1993 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्री सत्यनारायण अग्रावत पिता श्री राधोदास अग्रावत द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय श्री कन्हैयालाल पिता जेरामदास जी लिमानी को कर दिनांक 04.08.1994 को इनके पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित करवा दिया था। श्री कन्हैयालाल द्वारा भूखंड का विक्रय श्री ज्ञानचंद पिता सुन्दर लाल जैन को कर दिनांक 28.01.1998 को इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया था। श्री ज्ञानचंद पिता सुन्दर लाल जैन के पुत्र श्री आदिश कुमार जैन द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है की मेरे पिता श्री ज्ञानचंद का स्वर्गवास दिनांक 24.05.2021 को तथा मेरी माता श्रीमती पुष्पादेवी पति ज्ञानचंद जैन का स्वर्गवास दिनांक 21.03.2022 को हो जाने से मेरे माता पिता के एक मात्र पुत्र होने के आधार पर एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर में आदिश कुमार जैन पिता स्व श्री ज्ञानचंद जैन उक्त भूखंड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहता हूं।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज़ हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक L.I.177 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री आदिश कुमार जैन पिता स्व. श्री ज्ञानचंद जैन के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in